कानपुर में लॉजिस्टिक पार्क बनेगा

अच्छी खबर 1

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

कानपुर में अब मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क बनेगा। यह पार्क कानपुर से गुजरने वाले डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के पास बनेगा। यह परियोजना 160 एकड़ जमीन पर शुरू होगी। इसमें 500 करोड़ रुपये का शुरुआती निवेश होगा।

यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी व डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (डीएफसीसीआईएल) के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को वेबिनार के जरिए हुई बैठक में इस पर सहमति बन गई। यूपीसीडा इस परियोजना की नोडल एजेंसी होगी। राज्य का औद्योगिक केंद्र व शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर होने के नाते इस परियोजना के लिए कानपुर का चयन किया गया है। डीएफसीसीआईएल के अधिकारियों ने बताया कि इस पार्क के विकास के लिए इस दिसंबर तक 70 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण हो जाएगा। जमीन अधिग्रहण पर 300 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस परियोजना के लिए बिल्ड आन ट्रांसफर (बीओटी) आधार पर विकसित करने के लिए निवेशकों का चयन होगा। इसके लिए जनवरी 2022 तक टेंडर जारी कर दिया जाएगा।

सहमति

- पार्क में 500 करोड़ रुपये का शुरुआती निवेश होगा
- डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर व रेलवे को अतिरिक्त ट्रैफिक मिलेगा

इस पार्क के बनने में डेढ़ साल लगेगा। इसके जरिए रेल द्वारा लदे ट्रकों के परिवहन के लिए रोल आन रोल आफ का प्रावधान होगा। यूपीसीडा व डीएफसीसीआईएल के अधिकारी जल्द साइट का दौरा करेंगे ताकि इसकी कनेक्टिविटी, प्रवेश व निकास के रास्ते, सर्विस, बुनियादी सुविधाएं की जरूरतों को समझा जा सके।